भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 200
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 25 फरवरी, 2016 को दिया जाना है।

सरकारी क्षेत्र के लाभकारी उपक्रमों की रणनीतिक बिक्री

200. श्री के०के० रागेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार शीघ्र ही सरकारी क्षेत्र के विभिन्न लाभकारी उपक्रमों की रणनीतिक बिक्री करने वाली है;

(ख) यदि हां, तो रणनीतिक बिक्री हेतु सूचीबद्ध सरकारी क्षेत्र के लाभकारी उपक्रमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र के इन उपक्रमों में से प्रत्येक द्वारा सरकार को कुल कितने लाभांश का भुगतान किया गया है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) और (ख): जी, नहीं। रणनीतिक बिक्री के लिए अभी तक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के किसी उद्यम की पहचान नहीं की गई है।

तथापि, भारत सरकार ने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में भारत सरकार की 63.06% शेयरधारिता में से 5% प्रदत्त पूंजी का विनिवेश शेयर बाजार व्यवस्था के माध्यम से प्रवर्तकों द्वारा बिक्री की पेशकश (ओएफएस) के माध्यम से करने का अनुमोदन किया है।

(ग): बीएचईएल द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान सरकार को दिया गया लाभांश इस प्रकार है:

वित्तीय वर्ष	राशि (₹ करोड़ में)
2014-15	318
2013-14	762
2012-13	961

*****